छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में [राष्ट्रपति](#) **द्रौपदी मुर्मू ने** छत्तीसगढ़ सहित **दस राज्यों में नए [राज्यपालों](#) की नियुक्ति की**।

- असम से पूर्व लोकसभा सदस्य **रामेन डेका** को **छत्तीसगढ़ का नया राज्यपाल** नियुक्त किया गया है।

मुख्य बिंदु

- वह **वर्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का स्थान लेंगे,** जिन्हें फरवरी 2023 में नियुक्त किया गया था।
- **राज्यपाल:**
    - राज्यपाल की नियुक्ति और शक्तियों से संबंधित प्रावधान **भारतीय संविधान के भाग VI** में निहित हैं।
    - **अनुच्छेद 153** के अनुसार **प्रत्येक राज्य का एक राज्यपाल होगा**। एक व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।
    - राज्यपाल राज्य के **संवैधानिक प्रमुख के रूप में दोहरी भूमिका** अदा करता है।
    - वह **भारतीय राजनीति की संघात्मक प्रणाली का हिस्सा** है और **संघ एवं राज्य सरकारों के बीच एक कड़ी** का कार्य करता है।
    - भारतीय संविधान के **[अनुच्छेद 157 और अनुच्छेद 158](#)** राज्यपाल के पद के लिये **पात्रता आवश्यकताओं** को निर्दिष्ट करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-governor-of-chhattisgarh-1